हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026

11 सरसों वैज्ञानिक डॉ. राम अवतार लाइफटाइम अचीवमेंट...



12 डीसी ने मंडल रोजगार कार्यालय व ई-दिशा केंद्र...



## खबर संक्षेप

### अवैध 8 कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने 8 अवैध कारतूसों के साथ एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान चारकुतुब गेट निवासी बंटी के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक फिरोज खान ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व अपराध की रोकथाम के लिए सिसाय पुल क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक हांसी बाइपास से लालपुरा की तरफ पैदल जा रहा है, जिसके पास अवैध कारतूस हैं। पुलिस टीम ने शक के आधार पर उसे मौके से काबू कर तलाशी ली और उसके पास से 8 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर हांसी में केस दर्ज किया है।

### एनआईआरसी हिसार ब्रांच का सेमिनार कल

**हिसार।** एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से 7 मार्च को सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में सेमिनार किया जाएगा। साथ ही 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। मॉड्स ऑफ फाइनेंस एंड फेमा कंप्लायंस, यूएई टैक्सेशन पर आधारित इस सेमिनार में सीए हरीश कपूर व सीए रवि कुमार मुख्य वक्ता होंगे। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल ने बताया कि इस सेमिनार में दो सत्र रहेंगे। ब्रांच द्वारा 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में हिसार ब्रांच की पूर्व चेयरमैन सीए आशा जैन, साइकोलॉजिस्ट डॉ. सुमन बहमानी व महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी बंसल सहित कई प्रसिद्ध हस्तियां मौजूद रहेंगी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेडिटेशन कैंप कल

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को ओशो ध्यान उपवन में एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप लगेगा। कैंप के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि इस मेडिटेशन कैंप में विभिन्न सत्र रहेंगे। इस दौरान महिला दिवस भी धूमधाम से मनाया जाएगा।उन्होंने बताया कि इंसान कई झंझावातों में उलझा रहता है और इस उलझन में वह तनाव व अवसाद से ग्रस्त होता जाता है। इसलिए खुशहाल व आनंदमय जीवन व्यतीत करने के लिए ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

### ट्रैक्टर चोरी में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**उकलाना।** पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान पंजाब के भठिंडा जिले की चंदर बस्ती निवासी मोहन के रूप में हुई है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसआई संजीव कुमार के नेतृत्व में जांच टीम ने आरोपी को उकलाना क्षेत्र से काबू किया। वर्ष 2023 के इस मामले में नई अनाज मंडी उकलाना स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी का ताला तोड़कर चोर ट्रैक्टर के साथ-साथ सिलेंडर चूल्हा, एलईडी, प्रिंटर, एक्सिस बैंक की चेकबुक तथा सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर चोरी होने के संबंध में थाना उकलाना में केस दर्ज किया गया था। पुलिस पहले ही दो आरोपियों भट्ट कॉलोनी रामा मंडी के मनीष व कालांवाली के जीतू को गिरफ्तार कर चुकी है।

### आवारा कुत्तों ने बुजुर्ग महिला को काटा

**हिसार।** मिलगेट एरिया के शिव नगर में शुक्रवार को सुबह आवारा कुत्तों ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर दांतों से काटकर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन बुजुर्ग महिला को नागरिक अस्पताल ले आए। शिव नगर निवासी घायल महिला सरस्वती देवी के परिजनों ने बताया कि सरस्वती देवी किसी काम से गली से निकल रही थी। तभी आवारा कुत्ता ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने उसके पैर को काट खाया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उसे कुत्तों के चंगुल से छुड़वाया।

---

## शौचालय की अनुमति, बन गया वीटा बूथः नगर परिषद की नाक के नीचे अवैध कब्जा, कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**नप से चंद कदम दूर शहीद स्मारक के पास अनदेखी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नगर परिषद कार्यालय से मात्र कुछ ही मीटर की दूरी तथा लाल सड़क स्थित शहीद स्मारक व शिवलाल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पास नगर परिषद की जमीन पर सरेआम कब्जा कर वीटा बूथ बना लिया गया है। हैरानी की बात यह है कि जिस जगह पर ईंट-सीमेंट से फाउंडेशन बनाकर एक लोहे का कैबिन लगा वीटा बूथ बनाया जा रहा है उस रास्ते पर सुबह शाम दोनों वक्त नगर परिषद के छोटे से बड़ा अधिकारी गुजरता है, लेकिन अवैध रूप से वीटा बूथ के नाम पर अवैध ढांचा खड़ा कर दिया गया और किसी अधिकारी ने नप की जमीन पर अवैध कब्जा करने से नहीं रोका। अब बूथ तैयार हो जाने पर स्थानीय निवासियों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद ही नगर परिषद के अधिकारियों ने इस मामले पर संज्ञान लिया। लोगों का कहना है कि नप कार्यालय से चंद कदम दूर उसी की जमीन पर कब्जा चिंता का विषय है।




हांसी। लाल सड़क पर बनाया गया वीटा बूथ फोटो : हरिभूमि

### स्कूल प्रशासन ने शौचालय बनाने के लिए मांगी थी अनुमति

इस संदर्भ में नगर परिषद चेयरमैन प्रवीण इलाहाबादी ने बताया कि शिवलाल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण की अनुमति मांगी थी। नगर परिषद प्रशासन ने स्कूल परिसर के अंदर शौचालय बनाने की मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि जब उन्हें शहीद स्मारक के समीप निर्माण किए जाने की सूचना मिली, तो उन्हें लगा कि यहां विद्यालय प्रशासन द्वारा कन्याओं के लिए शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है।

### नप चेयरमैन ने बताया नियमों के विरुद्ध

चेयरमैन इलाहाबादी ने स्पष्ट किया कि स्कूल की बाउंड्री के अंदर शौचालय बनाने की अनुमति दी गई थी, जबकि मेन सड़क पर इस तरह का निर्माण नियमों के विरुद्ध है। शिकायत मिलने के बाद नगर परिषद ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया। और वीटा बूथ मालिक को नप कार्यालय तलब कर निर्माण को अवैध बताते हुए इसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

### 7 दिन के अंदर हटेगा वीटा बूथ

सूत्रों के अनुसार, वीटा बूथ के मालिक ने नगर परिषद को लिखित आवेदन देकर आश्वासन दिया है कि वह सात दिन के भीतर इस अवैध निर्माण को हटा लेगा। यह पत्र मंगलवार को बूथ मालिक द्वारा नगर परिषद में जमा कराया गया। उधर, शहर की एतिहासिक लाल सड़क पर हुए इस अवैध निर्माण को लेकर शहर में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

---

### निगमायुक्त नीरज ने तीनों विभागों की संयुक्त बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

## शहर में सीवरेज व बरसाती नालों की सफाई के लिए रोडमैप तैयार

**30 मई तक बरसाती ड्रेनों की व 30 जून तक सभी जीटी की सफाई की डेडलाइन तय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानसून से पहले सीवरेज व बरसाती नालों की सफाई के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। इसको लेकर निगमायुक्त नीरज ने तीनों विभागों की बैठक की जिसमें नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग, एचएसवीपी विभाग शामिल है। निगमायुक्त ने शहर में बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था को लेकर तीनों विभागों के अधिकारियों के साथ गहन मंथन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं ताकि बरसात के समय किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति पैदा न हो। इसके साथ ही उन्होंने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट ली। निगमायुक्त ने सभी विभागों द्वारा 30 मई तक बरसाती ड्रेनों की सफाई करवाने तथा 30 जून तक सभी जीटी की सफाई करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई अमित बेरवाल, जेई कुशल, जेई अंकुर चौहान, जेई कुलदीप, जेई मंदीप हुड्डा, जेई संदीप काजल, एचएसवीपी के एक्सईएन भूपेंद्र, जेई प्रवीण और वेद प्रकाश तथा जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलकार रेड्डू, एसडीओ जसबीर और एसडीओ संजय दूहन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



हिसार। सीवरेज व बरसाती नालों की सफाई के लिए तैयार रोड मैप को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते निगमायुक्त नीरज। फोटो : हरिभूमि

### एचएसवीपी मानसून से पहले करवाएगा ये काम

- एयरपोर्ट चौक पर बने बरसाती डिस्पोजल पर फ्लोमीटर लगाना।
- एयरपोर्ट चौक पर बने बरसाती डिस्पोजल की ड्रेन को बरवाला चुंगी तक जनस्वास्थ्य विभाग के बरसाती डिस्पोजल से जोड़ने का कार्य व फ्लो को विभाजित करने के लिए सूलस गेट लगवाना।
- बरवाला चुंगी से केंद्रीय भैंस अनुसंधान केन्द्र तक लगभग 6 किलोमीटर ड्रेनेज की सफाई करवाना।
- एयरपोर्ट चौक पर बने बरसाती डिस्पोजल से सेक्टर 1-4 तक बरसाती ड्रेन/पाइप की सफाई करवाना।
- सेक्टर 14, सेक्टर 13, सेक्टर 16-17 व अर्बन एस्टेट के एरिया की सीवरेज लाइनों की सफाई करवाना।

### जनस्वास्थ्य विभाग के हिस्से आए ये कार्य

- लाहौरिया चौक से ऑटो मार्केट में जीजेयू ड्रेन तक 1400 एमएम की आरसीसी पाइप लाइन डालना, जिससे 12 क्वार्टर रोड, मिलगेट रोड, विवेक नगर, भारत नगर, राजा गार्डन, ढ़ाणी श्याम लाल, शांति नगर, हरिनगर, कुंजलाल गार्डन, ठंडी सड़क रोड़ क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।
- महाबीर कॉलोनी बरसाती डिस्पोजल की लाइन को पुरानी सब्जी मंडी चौक से बढ़ाकर जलेबी चौक पर डाला जाएगा। इससे महाबीर कॉलोनी, सैनियान मोहल्ला, संत नगर, मेहता नगर, विजय नगर, बढ़वाली ढाणी क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।
- कप्तान स्कूल रोड़ पर होने वाले सीवरेज ओवरफ्लो से निजात पाने के लिए पानी सप्लाई के नए जोन बनाए जाएंगे। इससे पानी की होने वाली बर्बादी को रोका जा सके तथा सीवरेज ओवरफ्लो को समस्या को रोका जा सके।
- सैनियान मोहल्ले में रोड बनाने के लिए 30 मार्च तक सीवर मैनहॉल नीचे किया जाएगा।
- लघु सचिवालय स्थित बरसाती डिस्पोजल की क्षमता को 16 क्यूसिक से 60 क्यूसिक तक बढ़ाना, जिससे की लाजपत नगर, जवाहर नगर, डिफेंस कॉलोनी, पटेल नगर, फ्रेंडस कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, कृष्णा नगर, ग्रीन पार्क, ऑफिसर कॉलोनी, जयदेव ढ़ाणी इत्यादि क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।
- कोर्ट पार्किंग में धंसी हुई बरसाती लाइन को ठीक करवाना जिससे की बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके।

### नगर निगम को मिला इन कामों का जिम्मा

- जनस्वास्थ्य विभाग व एचएसवीपी के साथ संयुक्त निरीक्षण करके महाबीर कॉलोनी शिव चौक से पुरानी सब्जी मंडी, क्लॉथ मार्केट से सिटी थाना रोड, बरवाला चुंगी से एनएच ओवरब्रिज तक नई बरसाती लाइन का एस्टीमेट बनाना।
- साउथ बाइपास पर जनस्वास्थ्य विभाग की ड्रेन जहां रोड को पास कर रही है। उन स्थानों पर अतिरिक्त पाइप डालकर ड्रेन की क्षमता को बढ़ाना।

---

## नकदी छीनकर भागने वाले को पांच साल कैद

**हिसार।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक की अदालत ने पैसे छीनने के मामले में सूर्यनगर निवासी गौरव को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी किया है। दोषी पर झपट्टा मारकर 7900 रुपये छीनने का आरोप है। अदालत ने गौरव को 2 मार्च को दोषी करार दिया था, जबकि मामले में दूसरे आरोपी देबू को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इस संबंध में बरवाला क्षेत्र के गांव मतलोडा निवासी अजमेर सिंह ने शहर थाना में केस दर्ज करवाया था। अजमेर सिंह के अनुसार वह हिसार के आजाद नगर में दिल्ली अस्पताल के सामने नेहरा सैटरिंग की दुकान पर काम करता है। घटना के दिन 24 मार्च, 2024 को दोपहर करीब एक बजे वह दुकान से अपने घर जाने के लिए आजाद नगर से फव्वारा चौक तक एक राहगीर की बाइक पर आया था। इसके बाद वह पैदल बस अड्डा जा रहा था। इसी दौरान दो लड़के आए और एक लड़के ने अजमेर सिंह की जेब पर झपट्टा मारकर 7900 रुपये छीन लिए। छीना-झपटी में रुपये नीचे गिर गए, जिन्हें दूसरे लड़के ने उठा लिया और दोनों भागने लगे। अजमेर सिंह के शोर मचाने पर राहगीरों ने रुपये उठाने वाले लड़के को पकड़ लिया, जबकि दूसरा लड़का मौके से फरार हो गया। पकड़े गए लड़के ने अपना नाम सूर्य नगर निवासी गौरव बताया और फरार हुए लड़के का नाम महाबीर कॉलोनी निवासी देबू बताया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गौरव और देबू के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी मामले में अदालत ने 2 मार्च गौरव को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए देबू को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। अदालत ने शुक्रवार को अपने फैसले में गौरव को पांच साल कैद व 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

- अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

---

### धोखाधड़ी में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने जमीन का इकरार नामा करवाकर रजिस्ट्री न करवाने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मधुबन कॉलोनी बरवाला निवासी नरेंद्र के रूप में हुई है, जिसे ढाणी खान बहादुर से गिरफ़्तार किया गया है। मामले के जांच अधिकारी एसआई राजबीर के अनुसार इस संबंध में हिसार के सेक्टर 1-4 निवासी सोमवीर ने बरवाला थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में उसने बताया कि बधावड़ निवासी नरेंद्र सिंह ने गांव बधावड़ में स्थित अपनी लगभग 11 कनाल 18.95 मरले जमीन का सौदा उससे 24 लाख 50 हजार रुपये में तय किया था। इस संबंध में 02 फरवरी 2024 को इकरारनामा किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने आरोपी को 10 लाख रुपये बयाना दिया, जिसमें पांच लाख रुपये चेक के माध्यम से तथा पांच लाख रुपये नकद गवाहों के सामने दिए गए। रजिस्ट्री के लिए पहले 05 मई 2024, फिर 20 जून 2024 और बाद में 10 जुलाई 2024 की तारीख तय की गई, लेकिन आरोपी रजिस्ट्री करवाने के लिए सब रजिस्ट्रार कार्यालय बरवाला नहीं पहुंचा था। जांच में सामने आया कि उक्त जमीन पर अदालत से स्टे लगा हुआ है, जो आरोपी की माता द्वारा दायर किए गए एक दीवानी मुकदमे के कारण लगा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी ने यह तथ्य छिपाकर उससे पैसे लेकर धोखाधड़ी की है। इस मामले में पुलिस लगातार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी और आरोपी लगभग एक साल से फरार चल रहा था। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---

### बुडाना भट्ठा हादसा: दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत के मामले में 15 महीने बाद कार्रवाई

## बाल संरक्षण आयोग के दखल पर भट्ठा मालिक के खिलाफ केस

- अभी तक नहीं हो पाई है भट्ठा संचालक की गिरफ्तारी, पुलिस ने प्रयास किए तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

एक साल पहले नारनौंद से उचाना सड़क मार्ग पर गांव बुडाना के पास ढांडा ईंट भट्ठा उद्योग पर अचानक से दीवार गिरने से हुई चार बच्चों की मौत मामले में बाल संरक्षण आयोग की दखल के बाद भट्ठा संचालक पर केस दर्ज किया गया है। हादसे में तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में भट्ठा संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नारनौंद उचाना सड़क मार्ग पर गांव बुडाना के पास ढांडा ईंट भट्ठा उद्योग पर 22 दिसंबर 2024 की रात को ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से एक बड़ा हादसा हो गया था। इसमें चार बच्चे सूरज, विवेक, नंदिनी और निशा की मौत हो गई थी। इस मामले में 15 महीने बाद पुलिस ने बाल संरक्षण आयोग के आदेश पर कार्रवाई करते हुए भट्ठा के मालिक जुलाना के वार्ड 12 निवासी सोनू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अभी तक भट्ठा संचालक की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।



नारनौंद। घटना की दिन गिरी ईंट भट्ठे की दीवार। फोटो : हरिभूमि

### ये था मामला

उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के गांव बैरमई निवासी भगवान दास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका साला मुरारी पिछले काफी समय से गांव बुडाना के पास ढांडा ईंट भट्ठा उद्योग पर काम कर रहा था। उसके कहने पर हम भी भट्ठे पर काम करने के लिए यहां आ गए थे। भट्ठे से पक्की हुई ईंटों को बाहर निकालने के काम पर लग गए थे। मामले के अनुसार 22 दिसंबर 2024 की शाम को वे ईंटों को बाहर निकालने के लिए आ गए थे। साथ में बच्चे भी आ गए। ठंड ज्यादा होने के कारण बच्चे सूरज, विवेक और नंदनी को भट्ठे के अंदर ही एक दीवार के साथ चारपाई लगाकर उनको सुला दिया था। उसके साले मुरारी के बच्चे निशा, गौरी, हिमांशी भी वहीं आकर सो गए। साथ में मुरारी के ताऊ का लड़का राजेश भी बच्चों के साथ बैठ गया। रात को करीब साढ़े दस बजे अचानक से दीवार गिर गई थी, जिसके कारण सभी बच्चे ईंटों के नीचे दब गए थे। इलाज के लिए उनको सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया जहां पर डॉक्टरों ने जय भगवान के तीनों बच्चे सूरज, विवेक और नंदिनी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल निशा, गोरी, हिमांशी और राजेश को हिसार के लिए रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टर ने निशा को मृत घोषित कर दिया था। उस समय भट्ठा संचालक के साथ समझौता हो गया था। पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई करके सभी बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिए थे।

---

**उपलब्धि** | **राहुल ने तीसरे और अंकित ने चौथे प्रयास में पाई सफलता, क्षेत्र का नाम किया रोशन**

## बिठमड़ा के राहुल पातड़ ने 379वीं और सिंघवा राघो के अंकित ने 826वीं रैंक से पास की यूपीएससी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

खंड उकलाना के गांव बिठमड़ा के होनहार युवक राहुल पातड़ ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर 379वीं रैंक हासिल की है। वे एक सामान्य परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता राजेश पातड़ प्रॉपर्टी सलाहकार हैं, जबकि माता उषा पातड़ गृहिणी हैं। उनकी एक बहन उत्तराखंड में एमबीबीएस के अंतिम वर्ष की छात्रा है। राहुल की आयु 27 वर्ष है। राहुल ने अपनी बीटेक की पढ़ाई दिल्ली टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय (पूर्व में दिल्ली इंजीनियरिंग कॉलेज) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पूरी की। उन्होंने वर्ष 2017 से 2021 के दौरान अपनी स्नातक शिक्षा पूरी की। राहुल ने दसवीं कक्षा ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल, हिसार व बारहवीं कक्षा गांव खांडा खेड़ी से नॉन-मेडिकल संकाय के साथ पास की। बीटेक के तृतीय वर्ष के दौरान उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। कोरोना काल में भी लगातार मेहनत कर पढ़ाई जारी रखी। तीसरी बार साक्षात्कार तक पहुंचने के बाद उन्होंने यह सफलता मिली। राहुल ने इस परीक्षा में मैकेनिकल इंजीनियरिंग को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना था। राहुल ने ऑनलाइन कोचिंग और घर पर रहकर स्वयं अध्ययन से तैयारी की और मेहनत व लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिले के गांव सिंघवा राघो के एक होनहार युवक ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 826वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंकित का जन्म 7 अक्टूबर 1997 को हुआ था। उन्होंने अपनी 10वीं, 12वीं की पढ़ाई कलायत के शिक्षा भारती विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल तथा आरकेएसडी कालेज से बीकॉम किया। वर्तमान में अंकित वर्ष 2022 से रक्षा मंत्रालय दिल्ली में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं और इससे पहले वह हिसार कैंट में भी सेवाएं दे चुके हैं। अंकित ने बताया कि यूपीएससी परीक्षा में उसका यह चौथा प्रयास तथा तीसरी बार इंटरव्यू दिया था। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य आईएस और आईपीएस अधिकारी बनने का है और इसके लिए वे पुनः प्रयास करेंगे। अंकित ने बताया कि जन्म से उनका एक हाथ नहीं है लेकिन कभी इस बात को महसूस नहीं किया और लगातार मेहनत कर यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की। उनके दादा धीर सिंह तीन बार गांव के सरपंच रहे हैं। पिता धीर सिंह हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनकी माता कमलेश देवी गृहिणी हैं, जबकि उनके बड़े भाई दीपक दिल्ली में इमिग्रेशन ऑफिसर हैं, जबकि बहन ज्योति विवाहित है और पुणे की आईटी कंपनी में कार्यरत है।



---

## खाद-बीज व हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से सामान राख

**नारनौंद।** गांव राखी शाहपुर में बस स्टैंड पर खाद-बीज और हार्डवेयर की दुकान में अज्ञात परिस्थितियों में आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रमेश कुमार भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए थे। राखी शाहपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि बस स्टैंड पर उसकी राजेश ट्रेनिंग कंपनी के नाम से खाद बीज और हार्डवेयर की दुकान है। गुरुवार की शाम को अच्छी तरह से बंद करके घर पर गया था। रात को ही पड़ोसी का फोन आया कि दुकान में आग लगी हुई है। वह तुरंत वहां पहुंचा और सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा खाद बीज, पेंट, प्राइमर और हार्डवेयर सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने से दुकान का लेंटर ओर प्लास्टर भी डैमेज हो गया। पीड़ित दुकानदार ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसके नुकसान की भरपाई की जाए।





# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

## लाइफ Style

# जान्हवी
## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। SVF एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित, 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।




# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

## सौर ऊर्जा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक

# नेट मीटर की खरीद प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सौर ऊर्जा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए निगम मुख्यालय में अधिकारियों एवं सोलर वेंडर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' और प्रदेश सरकार की 'सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना' के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। दोनों योजनाओं में अपने-अपने घर की छत पर लगने वाले रूफटॉप सोलर पर वित्तीय सहायता दी जाती है। केंद्र सरकार की योजना के तहत एक किलोवाट पर 30 हजार रुपये सब्सिडी उपलब्ध है। राज्य सरकार की सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना के तहत एक किलो वाट पर 19 हजार 500 के हिसाब से वित्तीय सहायता दी जाती है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि दोनों ही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा कर इसका लाभ उपभोक्ताओं को देना है। अधिकारी-कर्मचारी प्रत्येक उपभोक्ता को इसका लाभ उपलब्ध कराएंगे। अधिकारियों और वेंडर्स की इस संयुक्त बैठक में पूर्व में हुई बैठक में सामने आए विभिन्न एक्शन प्वाइंट्स की स्थिति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर वेंडर्स ने ऑपरेशन कार्यालयों, एसएफए पोर्टल, आईटी प्रणाली तथा अन्य परिचालन संबंधी विषयों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में योजनाओं के शीघ्र निपटान पर जोर दिया।



निदेशक विक्रम सिंह।

### ऊर्जा योजनाओं का अधिक लोगों को मिले लाभ

प्रबंध निदेशक ने सभी अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं के रूफटॉप सोलर कनेक्शन से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के लिए नेट मीटर की खरीद प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर संबंधित कार्यालय प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि सौर ऊर्जा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में निदेशक (ऑपरेशन) विपिन गुप्ता, मुख्य अभियंता (कमर्शियल) अनिल शर्मा, ऑपरेशन के मुख्य अभियंता, सभी सर्कलों के अधीक्षण अभियंता, कमर्शियल, आरएपीडीआरपी, आईटी तथा सीबीओ के अधीक्षण अभियंता, विभिन्न सोलर वेंडर्स तथा अन्य संबंधित हितधारक उपस्थित रहे।

# इंडियन ओपन थ्रो कॉम्पिटिशन के लिए हिसार की रिद्धि सहित हरियाणा की 46 सदस्यीय टीम घोषित

- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला में 7 मार्च से शुरू होगी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



रिद्धि।

पांचवी इंडियन ओपन थ्रो कॉम्पिटिशन का आयोजन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में 7 मार्च से 8 मार्च तक किया जाएगा। इस कॉम्पिटिशन में हरियाणा से 46 खिलाड़ियों का दल भाग लेगा।

एथलैटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने बताया कि हरियाणा टीम में 13 महिला और 33 पुरुष शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता पुरुष, महिला, अंडर-18 और अंडर-20 आयु वर्ग में करवाई जाएगी। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक व मीडिया प्रभारी (खेल) सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि पांचवीं इंडियन ओपन थ्रो कम्पीटिशन के महिला वर्ग डिस्कस थ्रो इवेंट में गरिमा, नेहा जागलान, प्रिया और सान्या यादव भाग ले रही हैं। महिला वर्ग जेवलिन थ्रो इवेंट में सीमा भाग ले रही है, 20 साल आयु वर्ग डिस्कस थ्रो इवेंट में रोनक, रिद्धि (हिसार) और मन्नत फौगाट भाग ले रही हैं। हैमर थ्रो में खुशी और जैवलिन थ्रो इवेंट में भतेरी भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि 18 साल आयु वर्ग शॉट पुट इवेंट में आरती और डिस्कस थ्रो इवेंट में अनीशा सिंहमार भाग ले रही हैं और महिला वर्ग शॉट पुट इवेंट में योगिता भाग ले रही है। पुरुष वर्ग में 33 एथलीट हरियाणा का गौरव बढ़ाएंगे। पुरुष वर्ग शॉट पुट इवेंट में संयम भाग ले रहा है और डिस्कस थ्रो इवेंट में प्रतीक मान, रिषभ, सचिन सुहाग, अजय कुमार, आदित्य शर्मा और रविंद्र भाग ले रहे हैं। हैमर थ्रो में अमित पुंडीर और दुपेन्द्र भाग ले रहे हैं।

### ये खिलाड़ी ले रहे भाग

20 साल आयु वर्ग में शाटपुट इवेंट में हर्षित गहलोत, डिस्कस थ्रो इवेंट में रोशन कुमार, वंश, संदीप ढाका और साहिल कादियान भाग ले रहे हैं। जेवलिन थ्रो इवेंट में विशाल और युवराज भाग ले रहे हैं। हैमर थ्रो इवेंट में शुभम और अमन भाग ले रहे हैं। 18 साल आयु वर्ग शॉट पुट इवेंट में नितेश कुमार, सहजप्रीत सिंह, निश्चय, युवराज सैनी और लक्ष्य लांबा भाग ले रहे हैं। डिस्कस थ्रो इवेंट में नितेश कुमार, कबीर जोगी, धीरज साहू, निश्चय, सोमवीर सिंह, यश जागलान और अखिल कुमार भाग ले रहे हैं और 18 साल आयु वर्ग जैवलिन थ्रो इवेंट में आदित्य और हर्षुल लांबा भाग ले रहे हैं।

## लुवास में पशु चिकित्सकों के लिए अल्ट्रासाउंड प्रशिक्षण कार्यक्रम

# आधुनिक तकनीकों के माध्यम से रोगों का त्वरित एवं सटीक हो रहा निदान : प्रो. वर्मा

- 'पशुचिकित्सा में अल्ट्रासाउंड के उपयोग' विषय पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग में कार्यरत पशु चिकित्सकों के लिए 'पशुचिकित्सा में अल्ट्रासाउंड के उपयोग' विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के सर्जरी विभाग एवं पशु चिकित्सा नैदानिकी विभाग की ओर से हरियाणा पशु चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा रहे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए अल्ट्रासाउंड तकनीक की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के 'लैब टू लैंड' दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने पशु चिकित्सकों को पशुपालन व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पशुओं के रोगों का त्वरित एवं सटीक निदान संभव हो रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 12 पशु-चिकित्सक भाग ले रहे हैं, जो राज्य के विभिन्न पशु चिकित्सालयों एवं पॉलीक्लिनिकों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. सोनिया सिन्धु, डॉ. संदीप गुप्ता, डॉ. पवन कुमार, डॉ. तरुण गुप्ता सहित वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति : नवीन जैन



हिसार। विद्यार्थियों को स्टेशनरी देते संस्था के पदाधिकारी।

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन बुद्धिजीवी समिति ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। हकृवि के वित्त नियंत्रक नवीन जैन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। नवीन जैन ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। यह न केवल आपके जीवन को बदल सकती है बल्कि आपके परिवार के भविष्य को भी उज्ज्वल बना सकती हैं। जब आप मन लगा कर पढ़ाई करते हैं तब आप न केवल परीक्षा की तैयारी ही कर रहे होते हैं बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वयं को भी तैयार कर रहे होते हैं। दुनिया में बहुत से बच्चे ऐसे हैं जिन्हें स्कूल जाने का अवसर भी नहीं मिलता। आप सब भाग्यशाली हैं कि आपको अच्छे शिक्षक, किताबें और पढने का वातावरण मिला है।

## हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने वैज्ञानिकों को दी बधाई

# वैज्ञानिक डॉ. राम अवतार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, डॉ. विनोद गोयल व डॉ. राजबीर भी सम्मानित

- राष्ट्रीय तिलहन सम्मेलन के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ वैज्ञानिक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं तिलहन अनुभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राम अवतार को सरसों फसल में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से तथा सहायक वैज्ञानिक डॉ. विनोद गोयल को सरसों पर उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए गोल्ड मेडल तथा तकनीकी सहायक डॉ. राजबीर को सरसों की फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन की उत्कृष्ट मौखिक प्रस्तुति के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान उन्हें दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय तिलहन सम्मेलन के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रदान किए गए। ये पुरस्कार भूतपूर्व महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा ने प्रदान किए। इस अवसर पर उप महानिदेशक (फसल) डॉ. डीके यादव, उप महानिदेशक (बागवानी), डॉ. संजय कुमार, सहायक महानिदेशक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता तथा विभिन्न तिलहन संस्थानों के निदेशक एवं पूर्व निदेशक डॉ. धीरज सिंह भी उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि भविष्य में भी आप इसी लग्न से अपना काम करते रहेंगे।

### अब तक राई व सरसों की 25 किस्में विकसित की

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय के सरसों वैज्ञानिकों द्वारा अब तक राई व सरसों की 25 किस्में विकसित की गई हैं। पिछले 12 वर्षों में इस टीम को सरसों में उत्कृष्ट कार्य के लिए चार बार उत्कृष्ट केन्द्र अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि हरियाणा की औसत पैदावार 1972-73 में 464 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी जो अब बढ़ कर 2201 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक जा चुकी है, जोकि एक बड़ी उपलब्धि है तथा वैज्ञानिकों और किसानों ने की दिन-रात मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल व डॉ एस.के. पाहुजा उपस्थित रहे।

# लाडो को नहीं मिली लक्ष्मी बुजुर्गों की काटी पेंशन : चौटाला



नारनौंद। गांव गुराना में दिग्विजय चौटाला का स्वागत करते जिला प्रधान अमित बूरा।

**नारनौंद।** जेजेपी के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला द्वारा शुक्रवार को हलके के विभिन्न गांवों का दौरा किया गया। इस दौरान गांव गुराना में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिग्विजय चौटाला ने भाजपा पर जनता के धोखा करने के आरोप लगाए। जनसभा को संबोधित करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पहले वायदा किया था कि प्रदेश की हर महिला को 2100 रुपये दिए जाएंगे, लेकिन सरकार के गठन के बाद लाडो लक्ष्मी योजना लागू की गई, लेकिन लाडो को लक्ष्मी नहीं दी गई और तरह-तरह की शर्तें लगाकर महिलाओं को इससे वंचित कर दिया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा ने केवल महिलाओं से वोट हथियाने के लिए यह हथकंडा अपनाया था। उन्होंने ग्रामीणों को पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्म दिवस पर हांसी की अनाज मंडी में 13 मार्च को होने वाली रैली न्योता दिया।

# सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण, कई जगह मिली खामियां, कार्रवाई के दिए निर्देश

- कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में खामियां पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने नई सोच, नया हिसार' अभियान के तहत सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया। विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बने शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया। कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में खामियां पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष स्वच्छता अधिकारी ने संबंधित जेई को निर्देश दिए कि जिन शौचालयों में सफाई ठीक से नहीं की जा रही है, वहां जिम्मेदार एजेंसी पर जुर्माना लगाया जाए।

साथ ही जिन स्थानों पर मरम्मत, रखरखाव या अन्य सुविधाओं की आवश्यकता है, उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस दौरान बागवानी शाखा के जेई, जेई कुलदीप, सीटीएल प्रदीप जाखड़ और तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू भी साथ मौजूद रहे।




हिसार : सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण करते विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह।

### यहां-यहां किया निरीक्षण

निरीक्षण की शुरुआत नगर निगम कार्यालय के बाहर स्थित शौचालय से की गई। इसके बाद मधुबन पार्क में बने शौचालय का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने शहर के कई प्रमुख स्थानों जैसे आईजी चौक, क्रांतिमान पार्क, टाउन पार्क, सैनी स्वीट्स के पास, मॉडल टाउन, जीत धर्मकांटा, आईटीआई चौक, दिल्ली रोड, सेक्टर 9-11 तथा सेक्टर 16-17 स्थित जय हिंद पार्क के शौचालयों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शौचालयों की साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता, मरम्मत की स्थिति और अन्य जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया। कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में खामियां पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



## इंद्रिया ने हिसार में स्टोर लॉन्च के साथ हरियाणा में अपनी शुरुआत की



**हिसार।** आदित्य बिरला ज्वेलरी के इंद्रिया ने हिसार में अपना नया स्टोर लॉन्च किया है, जो हरियाणा में ब्रांड का पहला आउटलेट है। दिल्ली रोड स्थित पीएलए मार्केट में नए ज्वेलरी डेस्टिनेशन के साथ उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी का विस्तार किया। इस शुभारंभ के साथ देशभर में अब इंद्रिया के 51 स्टोर हो गए हैं, जो संगठित ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र में ब्रांड के निरंतर विस्तार और ग्राहकों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। इस लॉन्च पर, इंद्रिया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा कि हिसार में हमारा प्रवेश एक महत्वपूर्ण पड़ाव है क्योंकि यह हरियाणा राज्य में हमारा पहला स्टोर है। हिसार स्टोर में सोने, हीरे और पोल्की की 32,000 से अधिक बारीकी से तैयार की गई डिजाइनों का विशाल कलेक्शन प्रदर्शित किया गया है। इस कलेक्शन में ब्राइडल, फेस्टिव, ओकेशन, मॉडर्न और रोजमर्रा की श्रेणियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र के सबसे विविध चयनों में से एक है। अपनी शुरुआत से ही इंद्रिया ने बेहतरीन कारीगरी, सोच-समझकर तैयार किए गए कलेक्शन और शानदार इन-स्टोर अनुभव के जरिए तेजी से अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाई है।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लुवास का नाम पूरे देश में रोशन करें खिलाड़ी : वीसी

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), की 12 सदस्यीय स्क्वेश टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी स्क्वेश टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मुंबई स्थित सोमैया विश्वविद्यालय के लिए रवाना हुई। इस टीम में 6 पुरुष और 6 महिला खिलाड़ी शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर टीम को रवाना किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि लुवास के खिलाड़ी अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन करें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप कुमार व सहायक छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. यशवंत सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। स्क्वेश खेल के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के लिए टीम के साथ प्रबंधक के रूप में डॉ. स्नेहिल और डॉ. सुरभि पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और प्रबंधन करेंगे।

## जन आक्रोश जत्था 12 को हिसार पहुंचेगा : सिवाच



**हिसार।** जन आक्रोश जत्थे के 12 मार्च को हिसार शहर में आगमन को लेकर सीपीआईएम की शहर कमेटी मीटिंग जवाहर नगर कार्यालय में चांदगीराम की अध्यक्षता में की गई। मीटिंग में पार्टी जिला सचिव दिनेश सिवाच ने बताया कि अमेरिका से ट्रेड डील रद करवाने बिजली बिल, बीज विधेयक, चार लेबर कोड रद करवाने, खराब फसलों के मुआवजे, मनरेगा कानून बहाल करने, राशन कार्ड, विधवा व बुढ़ापा पेंशन, बढ़ते अपराध आदि मुद्दों को लेकर 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली होगी। रैली की तैयारी में सीपीआईएम राज्य कमेटी ने जन आक्रोश जत्थे 9 मार्च से 20 मार्च तक पूरे हरियाणा में चला रही है जोकि 9 मार्च से सिरसा से चलकर एक जत्था 12 मार्च को शाम को हिसार शहर में पहुंचेगा।

## जिले में चार साल में 900 हिंसा पीड़ितों को मिली सहायता

# हिंसा पीड़ित महिला व बच्चों की आशा की किरण बना सुकून केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



राहुल शर्मा

प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग और हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर द्वारा जिला स्तर पर नागरिकों अस्पतालों में सुकून केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को समय पर सहायता और सुरक्षा मिल सके। इस मकसद में सुकून केंद्र हिंसा व प्रताड़ना से पीड़ित महिलाओं के लिए आशा की नई किरण लेकर आया है। मार्च 2022 से फरवरी 2026 तक सुकून केंद्र द्वारा 900 हिंसा पीड़ित महिलाओं और बच्चों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। इन मामलों में पीड़ितों को मुफ्त पुलिस सहायता, काउंसलिंग, कानूनी सहायता, चिकित्सा उपचार और अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध करवाया गया। ऐसे में छेड़छाड़, मारपीट, जबरदस्ती, यौन उत्पीड़न, शोषण और घरेलू विवादों की शिकार महिलाओं के लिए सुकून केंद्र सहारा बनकर उभरा है।

### केस-1 : विधवा महिला को दिलवाई सहायता

जिला हिसार की एक महिला के पति का आकस्मिक निधन हो गया। इसके बाद ससुराल पक्ष ने महिला को घर से निकाल दिया और उसे पति की संपत्ति में हिस्सा देने से मना कर दिया। इस मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न से परेशान महिला सहायता के लिए सुकून केंद्र पहुंची। यहां उसे महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया, घरेलू हिंसा अधिनियम की जानकारी दी गई तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में बताया गया। काउंसलिंग के माध्यम से महिला का आत्मविश्वास बढ़ाया गया और उसे न्याय पाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### केस-2 : काउंसलिंग से महिला को मिला सहारा

जिला हिसार की एक महिला की शादी फतेहाबाद जिले में हुई थी। पति द्वारा शराब के नशे में लगातार मारपीट और दुर्व्यवहार करने के कारण महिला मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। इसी दौरान वह इंस्टाग्राम के एक मित्र से मिलने हिसार आई, जिसकी जानकारी ससुराल पक्ष को हो गई और उन्होंने महिला को जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण महिला ने उस व्यक्ति के साथ लिव-इन का दस्तावेज बनवा लिया, लेकिन कुछ समय बाद वह व्यक्ति भी उसे छोड़कर चला गया। इस स्थिति में महिला को न तो ससुराल में जगह मिली और न ही मायके में सहारा। अत्यधिक मानसिक तनाव के कारण महिला को बार-बार आत्महत्या जैसे विचार आने लगे।ऐसे कठिन समय में महिला सहायता के लिए सुकून केंद्र पहुंची, जहां उसकी काउंसलिंग की गई तथा रहने और भोजन की व्यवस्था करवाई गई।

### महिलाओं का जीवन संघर्षों से भरा : राहुल

जिला नागरिक में कार्यरत जिला सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने बताया कि महिलाओं का जीवन संघर्षों से भरा होता है। कोख से लेकर वृद्धावस्था तक उन्हें कई प्रकार के भेदभाव का सामना करना पड़ता है। गर्भावस्था के दौरान मारपीट, बचपन में देखभाल में भेदभाव, बाल विवाह, किशोरावस्था में छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न जैसी समस्याएं समाज में अब भी मौजूद हैं। कई महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना जैसे अपराधों का भी सामना करना पड़ता है।

# दिगंबर जैन पारसनाथ अतिशय का शिलान्यास महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



दिगंबर जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर तब आया जब दिगंबर जैन मनहर पारसनाथ अतिशय क्षेत्र के नए मंदिर परिसर का भव्य शिलान्यास महोत्सव शुक्रवार को धार्मिक वातावरण और मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। यह मांगलिक कार्यक्रम अध्यात्म सरोवर के राजहंस आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि 108 विशद सागर महाराज, मुनि 108 शिवसागर महाराज तथा एलक 105 वैराग्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। प्रातः 8 बजे विधि-विधान और वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से किया गया। ध्वजारोहण का सौभाग्य प्रेमवती जैन परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान बाल ब्रह्मचारी जय कुमार निशांत तथा ब्रह्मचारी मनीष कुमार के निर्देशन में अतिशय क्षेत्र के लिए विधिपूर्वक भूमि पूजन और शिलान्यास की प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। इस अवसर पर समाज के अनेक श्रेष्ठी जनों ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर मंदिर निर्माण की मंगल शुरुआत में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। मंदिर की वेदी के लिए भूमि पूजन का कार्य सुभाष जैन और उर्मिल परिवार द्वारा विधिपूर्वक संपन्न कराया गया।

## सूचना

मैं, जयबीर पुत्र मामन निवासी गांव माजौद, तहसील/जिला हांसी बयान करता हूं कि मेरी पुत्री आरती मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर निगम ने किए 8 चालान

**हिसार।** नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियम तोड़ने पर 8 लोगों के चालान किए हैं। एएसआई विजेता ने खुले में कचरा डालने पर 3 दुकानदारों के रेड स्क्वेयर मार्केट व एक दुकानदार का चालान राजगुरु मार्केट में किया। एएसआई सन्नी ने खुले कचरा डालने पर जिंदल चौक व आईटीआई चौक के आस-पास 4 दुकानदारों के चालान किए।

### निगम ने 34 बेसहारा पशु भेजे गो अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने आजाद नगर, कैमरी रोड़, सातरोड़, सेक्टर 27-28, आधार अस्पताल के आस-पास के क्षेत्र से 34 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गो अभ्यारण भेज दिया गया है। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच 17 को

**हिसार।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा जिला में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 17 से 20 मार्च को जिला स्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। एक प्रवक्ता ने बताया कि आयोग के सहयोग से आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य जांच शिविरों का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करना तथा संभावित बीमारियों का समय पर पता लगाकर उनका उपचार सुनिश्चित करना है।

### चेक बाउंस के मुकदमे में उद्घोषित आरोपी पकड़ा

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने चेक बांउस केस में एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कृष्णा कॉलोनी निवासी कर्ण कुमार के रूप में हुई है। एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि कर्ण को कोर्ट ने उद्घोषित आरोपी घोषित किया था। आरोपी पर थाना शहर में 5 मार्च को उद्घोषित आरोपी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी कर्ण को रोहतक की गुरुनानकपुरा से गिरफ्तार कर लिया है।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

# लंबित परियोजनाओं को तय समय में पूरा करें: जयप्रकाश

**दिशा कमेटी चेयरमैन ने केंद्र व प्रदेश सरकार की परियोजनाओं का लिया अपडेट**



हिसार। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक अध्यक्षता करते हिसार लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयप्रकाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिशा कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद जयप्रकाश ने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए तथा जिन योजनाओं में किसी प्रकार की बाधा आ रही है, उन्हें आपसी तालमेल से दूर किया जाए।

बैठक में रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, टेलीकॉम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ई-नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय किसान विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, काडा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सर्व शिक्षा अभियान, बाल विकास योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, सांसद निधि, आदर्श ग्राम योजना, पीएम कौशल विकास योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

#### उमरा के सरकारी स्कूल को दी बस

बैठक के उपरांत सांसद जयप्रकाश ने एमपी लैड के तहत उमरा के सरकारी स्कूल को दी गई बस को भी हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। इस बस का उपयोग खेलकूद व अन्य गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। इस अवसर पर उपायुक्त महेंद्र पाल, नगर निगम आयुक्त नीरज, एडीसी विकास यादव, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कीर्ति सिरोहीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

#### 70 हजार राशन कार्ड व पेंशन काटने का मुद्दा उठाया

*हालही में बीपीएल राशन कार्ड व पेंशन काटने के मामले को उठाते हुए सांसद ने अधिकारियों से पूछा कि फरवरी 2024 में एकदम से बीपीएल राशन कार्ड और पेंशन लाभपात्रों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ, लेकिन अब 70 हजार से ज्यादा लोगों के राशन कार्ड काट दिए और हजारों की पेंशन काट दी। इस पर डीसी ने कहा कि सभी बुजुर्गों की पेंशन बहाल की गई है। पति - पत्नी की आय ही पेंशन का आधार बनाई जा रही है।*

#### टोल टैक्स देने पर भी हाईवे की हालत सबसे खस्ता

*कमेटी चेयरमैन ने नेशनल हाइवे की खस्ता हाल सड़कों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हिसार से दिल्ली के बीच नेशनल हाइवे की हालत काफी खराब है। पूरे देश में सबसे ज्यादा टोल टैक्स हरियाणा दे रहा है। इसके बाद भी लोगों को बदहाल सड़कों पर आवागमन करना पड़ रहा है। इस पर अधिकारियों ने जवाब दिया कि जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।*

#### निर्देशों का गंभीरता से पालन करें: डीसी

बैठक के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित विभागाध्यक्षों को बैठक में दिए गए निर्देशों की पूरी गंभीरता से अनुपालना करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि आमजन तक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पहुंचाना अधिकारियों का दायित्व है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



हिसार। ई–दिशा का निरीक्षण करते उपायुक्त महेंद्र पाल, साथ हैं नगर निगम आयुक्त नीरज। *फोटो: हरिभूमि*

# डीसी ने मंडल रोजगार कार्यालय व ई-दिशा केंद्र का किया निरीक्षण

- नागरिकों ने डीसी को अपनी समस्याओं और सुझावों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित मंडल रोजगार कार्यालय, सीएम विंडो कक्ष तथा ई-दिशा केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में आमजन को दी जा रही सुविधाओं, कार्यप्रणाली तथा रिकॉर्ड आदि की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने कार्यालय में आए नागरिकों से भी बातचीत की और उनसे सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने नागरिकों से पूछा कि उन्हें अपने कार्य करवाने में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं आ रही है। नागरिकों ने उपायुक्त को अपनी समस्याओं और सुझावों से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने मंडल रोजगार कार्यालय का निरीक्षण करते हुए वहां युवाओं को उपलब्ध करवाई जा रही रोजगार संबंधी सेवाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सभी विभागों को जनहित को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त नीरज संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### सेवाओं की प्रक्रिया का निरीक्षण

उपायुक्त ने ई-दिशा केंद्र में नागरिकों को दी जा रही विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं, प्रमाण पत्रों के आवेदन, दस्तावेजों के सत्यापन तथा अन्य सेवाओं की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र में आने वाले लोगों को सरल और पारदर्शी तरीके से सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं और अनावश्यक देरी से बचा जाए।

# दूषित पेयजल से शांतिनगर के लोग परेशान, समाधान की मांग उठाई

- पिछले कई दिनों से समस्या झेल रहे लोगों में विभाग के खिलाफ गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर के शांति नगर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से दूषित पेयजल की आपूर्ति किए जाने से स्थानीय लोगों में रोष है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नलों से आ रहा पानी गंदा और बदबूदार है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई दिनों से सप्लाई हो रहा पानी पीने योग्य नहीं है। दूषित पानी के कारण क्षेत्र में बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। मामले को लेकर एडवोकेट विरेंद्र शर्मा ने भी आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि शांति नगर के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण लोगों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए और पानी की सप्लाई व्यवस्था की जांच कराकर लोगों को साफ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। वहीं, क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



हिसार। आपूर्ति किया जाने वाला दूषित पेयजल। *फोटो: हरिभूमि*

### छह माह में एक बार डेंटिस्ट के पास जरूर जाएं : मित्तल

**हिसार।** राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस पर शुक्रवार को शहर के जाने-माने दंत विशेषज्ञ डॉ. सचिन मित्तल ने



कहा कि मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने, जनता को मौखिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में शिक्षित करने और उन डॉक्टरों को धन्यवाद देने का यह दिन है जो आपके दंत स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। डॉ. मित्तल ने बताया कि फास्ट एवं रिफाइंड फूड का उपयोग बढ़ जाने दूध के दांत भी समय से पहले गिर जाते है। दांतों की इन समस्या को नजरअंदाज करने पर कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। इसके लिए समय-समय पर दांतों की जांच करवानी चाहिए। ट्रैवल करते समय ओरल हेल्थ किट ले जाना न भूलें।

# चिकित्सक से दुर्व्यवहार पर रोष

- मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने जिला करनाल के घरौंडा में आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात डॉ. प्रशांत चौहान के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा की गई मारपीट और दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है। एसोसिएशन ने आपात बैठक बुलाकर आरोपी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में आरोपी पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



हिसार। पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष व्यक्त करते स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स व एसोसिएशन के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए

इससे पूर्व बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विकास संदलाना और संचालन रविंद्र पेटवाड़ ने किया। एसोसिएशन के जिला प्रधान विकास संदलाना, सचिव रविंद्र पेटवाड़ और स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के जिला संयोजक हैल्थ इंस्पैक्टर नूर मोहमद ने कहा कि ऐसे निंदनीय घटनाक्रम में शामिल पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अनुसार सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि जनहित में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# पुलिस-जनता के बेहतर तालमेल से अपराध पर अंकुश संभव

- गांवों में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एसपी ने सरपंचों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जिला हांसी में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा गांव स्तर पर जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सरपंचों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांवों में बढ़ती साइबर ठगी, नशे की समस्या, सामाजिक अपराधों तथा कानून व्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर सामूहिक रूप से जागरूकता बढ़ाना रहा। बैठक में मौजूद सरपंचों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांव के सरपंच और पंचायत प्रतिनिधि समाज के जिम्मेदार और प्रभावशाली सदस्य होते हैं, इसलिए उनकी भूमिका गांवों में कानून व्यवस्था बनाए रखने और लोगों को जागरूक करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान सरपंचों ने भी अपने-अपने गांवों से संबंधित समस्याओं और सुझावों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन गांवों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने गांवों में लोगों को साइबर अपराधों, डिजिटल ठगी, नशा विरोध, सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करें। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि गांव में कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या पुलिस हेल्पलाइन पर दी जाए। समय पर सूचना मिलने से पुलिस को अपराधों को रोकने में काफी सहायता मिलती है।



हांसी। सरपंचों की मीटिंग को संबोधित करते एसपी अमित यशवर्धन।

### डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से रहें सावधान

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आमजन को जागरूक करते हुए डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आजकल साइबर ठगों द्वारा लोगों को फोन कॉल, वीडियो कॉल या सोशल मीडिया के माध्यम से खुद को पुलिस अधिकारी, सीबीआई अधिकारी, कस्टम अधिकारी या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर डराते-धमकाते हैं और वे अधिकारी बन कहते हैं कि आपके खिलाफ कोई गंभीर मामला दर्ज है या आपके नाम से अवैध पार्सल पकड़ा गया है। इसके बाद वे लोगों को वीडियो कॉल पर रखकर खुद को जांच अधिकारी बताते हुए उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने की बात कहते हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से किसी व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट नहीं किया जाता और न ही किसी मामले के निपटारे के लिए पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा जाता है। यह पूरी तरह से साइबर अपराधियों द्वारा अपनाया गया धोखाधड़ी का तरीका है।



### पुनीत, पलक, पर्व व आरती रहे प्रथम

**बरवाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर कोठी के प्रांगण में विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विज्ञान की अध्यापिका मोना रानी के सानिध्य में संपन्न हुई। साइंस क्विज़ में येलो यंग साइंटिस्ट समूह पुनीत, पलक, पर्व और आरती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा साइंस प्रदर्शनी में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें कार्तिक, मनीष, कार्तिक, माही और मुस्कान ने भाग लिया और अपने मॉडल प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक विक्रम गोयल, मोना रानी, रविन्द्र, सुबे सिंह, सुखबीर, सुमन सलूजा, संजय, किरण, सुमन पंघाल, श्रवण ,अनिल, वीरेन्द्र व जगदीप आदि मौजूद रहे।

### जीतो हिसार चैप्टर की कार रैली कल

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जीतो हिसार चैप्टर द्वारा कार रैली का आयोजन किया जाएगा। हिसार के सेक्टर-33 की मुख्य पार्किंग से शुरू होकर यह कार रैली दिल्ली रोड स्थित मेट्रोपॉलिस मॉल पार्किंग पर पहुंचेगी।

इस 8 मार्च की कार रैली में महिलाएं बढ़-चढक़र हिस्सा लेकर महिला सशक्तीकरण की मिसाल कायम करेंगी।

- कार रैली में हिस्सा लेकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम करेंगी महिलाएं

इस दौरान महिलाओं के लिए कैंसर व थै ले सी मि या जागरूकता सत्र का आयोजन भी किया जाएगा। जीतो हिसार चैप्टर के चेयरमैन आशीष जैन ने बताया कि संगठन द्वारा देशभर में 8 मार्च को कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में हिसार में महिलाएं कार रैली का हिस्सा बनेंगी।

उन्होंने बताया कि 8 मार्च को प्रातः 6 बजे सेक्टर-33 से कार रैली शुरू होगी और विभिन्न बाजारों से होते हुए मस्टर्ड कॉम्पलेक्स स्थित मेट्रोपॉलिस मॉल पार्किंग पर इसका समापन होगा। जीतो हिसार चैप्टर की महिला विंग की चेयरमैन शालिनी अग्रवाल ने बताया कि कार रैली के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को नए आयाम दिए जाएंगे।

### हर शनिवार खुलेंगे डीएचबीवीएन के कैश काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

डीएचबीवीएन ने उपभोक्ताओं की सुविधा और बिजली बिलों की वसूली को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्य अभियंता (ऑपरेशन), डीएचबीवीएन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार हिसार जोन के अंतर्गत आने वाले सभी उपमंडलों के कैश काउंटर अब प्रत्येक शनिवार को भी खुले रहेंगे। निगम प्रवक्ता ने बताया कि यह व्यवस्था आगामी 31 मार्च तक लागू रहेगी, ताकि उपभोक्ता आसानी से अपने बिजली बिल जमा कर सकें। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस व्यवस्था की जानकारी विभिन्न माध्यमों से उपभोक्ताओं को व्यापक रूप से दी जाए, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**कार्यक्रम** कारीगरों को सशक्त बना रही है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना : गोयल

# पारंपरिक हुनर व आधुनिक तकनीक का अनूठा संगम

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के विकास कार्यालय भिवानी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए जिले में तीन दिवसीय प्रदर्शनी-मेले का शुभारंभ शुक्रवार को पूर्व चेयरमैन श्रीनिवास गोयल द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी मेला 8 मार्च तक अग्रसेन भवन में आयोजित की गई है। इसमें करीब 50 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। मेले में आगंतुकों को पारंपरिक हुनर और आधुनिक तकनीक के अनूठे संगम को देखने तथा अनुभवी कारीगरों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा। श्रीनिवास गोयल ने बताया कि देश के कारीगर और शिल्पकार अपनी कला और उत्पादों के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इन कारीगरों को सशक्त बनाने और उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। करनाल एमएसएमई विकास कार्यालय के अपर विकास आयुक्त संजीव चावला ने कहा कि इस प्रदर्शनी मेले का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर सकें तथा उन्हें बाजार से सीधे जोडऩे का अवसर मिल सके।



हिसार। प्रदर्शनी में स्टाल का अवलोकन करते श्रीनिवास गोयल। *फोटो: हरिभूमि*

#### 13 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान: रचना

भिवानी एमएसएमई की सहायक निदेशक प्रभारी रचना त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत वर्ष 2023-24 से 2027-28 तक कारीगरों/शिल्पकारों को सशक्त बनाने के लिए 13 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में कुम्हार, दर्जी, मोची, राजमिस्त्री, सुनार, मालाकार सहित गुड़िया, चटाई, टोकरी, खिलाने बनाने सहित विभिन्न पारंपरिक कारीगरों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मेले के माध्यम से स्थानीय एवं क्षेत्रीय कारीगरों को बिना किसी बिचौलिये के अपने उत्पाद उचित मूल्य पर बेचने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर साधू राम बंसल, रविंद्र जांगड़ा तथा प्रदीप शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

